# वित्तीय समावेशन अभियान के तहत कोटगढ़ में शिविर आयोजित



**अकलतरा@पत्रिका.** ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटगढ़ में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत 7 अगस्त 2025 को एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर तक तीन माह तक पूरे देश में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को बैंकिंग और बीमा जैसी वित्तीय सुविधाओं से जोड़ना है शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक मनीष परासर द्वारा निरीक्षण किया गया। उनके साथ आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विक्रम पाठक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक नरोत्तम सिंह ठाकुर, भारतीय स्टेट बैंक के एफआई मैनेजर हरि ध्रुव, तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक मनीष कुमार चौधरी सिंह समर्पित संस्था, सीएफएल तबस्सुम खान काउंसलर विशेष रूप से मौजूद रहे शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान 220 लोगों का उपस्थित रहे, 75 नए जनधन खाते खोले गए और 50 लोगों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा योजना 50 के अंतर्गत बीमा किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को पंजीकृत किया गया अधिकारियों ने शिविर की व्यवस्था की सराहना की और ग्रामीणों को समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों में जुड़ने की अपील की, ताकि वे सरकार की विभिन्न वित्तीय योजनाओं का पूरा लाभ प्राप्त कर सके। शिविर वित्तीय जागरूकता की दिशा में रहा।